एक नजर में

## गुरुसप्तमी पर भक्तिभाव एवं पूजा -अर्चना के साथ हुए विभिन्न कार्यक्रम



**कुक्षी ।**श्री सौधर्म बृहत्तपागच्छीय विश्वपूज्य प्रात: स्मरणीय दादा गुरुदेव आचार्य देवेश श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी महाराजा के द्विशताब्दी जन्मदिवस एवं स्वर्गारोहण दिवस (गुरुसप्तमी) पर स्थानीय जैन श्री संघ ने भक्तिभाव, पूजन अर्चन एवं विभिन्न आयोजन के साथ मनाई। आज दिवस साध्वी भगवंत नमीनिधि श्री जी आदि ठाणा 2 की निश्रा में गुरु सप्तमी का आयोजन तालनपुर जैन तीर्थ मे धूमधाम से मनाया गया ।गुरु सप्तमी महापर्व पर पूजन अर्चन, एवं महिला परिषद द्वारा पूज्य दादा गुरुदेव की पूजा भणाई गयी। सुबह नवकारसी के पश्चात् साध्वी श्री नमिनिधि श्री जी द्वारा व्याख्यान दिया गया। प्रात: नवकारसी, सुबह एवं संध्या श्री संघ सधार्मिकवात्सल्य का आयोजन किया गया जिसके लाभार्थी रमेशचंद्र रूपचंद चौधरी परिवार एवं राजमल भंवरलाल ऊकावत (ष्टस्न्ह) परिवार रहे। विगत दिनों तीर्थ तालनपुर में हुई चौरी की घटना में लिप्त आरोपियों ?ो गिरफ्तार कर कुक्षी पुलिस की सक्रियता पर तालनपुर तीर्थ ट्रस्ट मण्डल द्वारा कुक्षी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री सुनील गुप्ता एवं नगर निरीक्षक श्री राजेश यादव का गुरु सप्तमी महोत्सव के दौरान श्रीफल एवं माला से स्वागत कर बहुमान किया गया। तालनपुर तीर्थ मण्डल के अशोक सेकेंट्री, नरेश चौधरी, दिलीप जैन (कीर्ति), अशोक जैन, निर्मल झाँझरिया, अनिल पारीख आदि ने कुक्षी पुलिस ?ो धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।

## प्रत्येक हिंदू परिवार तक घर-घर पहुंचना हमारा लक्ष्य होना चाहिए

### खेड़ापति हनुमान मंदिर में कलश वितरण एवं रुद्र पूजन हुआ





**धार-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 4 जनवरी को धार शहर की 14 बस्तियों में व्यापक स्तर पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों और जन-जागरण के उद्देश्य से शनिवार को खेड़ापति हनुमान मंदिर में कलश वितरण एवं रुद्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह श्री अरविंद जी चौधरी ने कहा कि सभी को ज्ञात है कि हिंदू सम्मेलन आयोजित होने जा रहे हैं और प्रत्येक बस्ती में सम्मेलन होना है। ऐसे में आयोजन को किस प्रकार बेहतर बनाया जाए, इस पर हम सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य सभी हिंदू बंधुओं को जोड़ना है। कोई भी व्यक्ति या वर्ग छूटे नहीं है। यदि यह संकल्प हम सभी का है, तो यही हिंदू सम्मेलन की सच्ची सफलता होगी। श्री चौधरी ने कहा कि प्रत्येक हिंदू परिवार तक घर-घर पहुंचना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। सभी से आग्रह किया गया कि पीले चावल देकर सम्मेलन का निमंत्रण दें, साथ ही रुद्राक्ष वितरित किए जाएं और प्रत्येक घर पर भगवा झंडी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज की सहभागिता से समाज के लिए होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग समाज को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, ऐसे में हमें विशेष सतर्कता रखने की आवश्यकता है। आने वाला समय और भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि समाज का कोई भी वर्ग छूटे नहीं। यदि हम हर वर्ग तक पहुंचेंगे, तो कोई कमजोर कड़ी नहीं रहेगी। उन्होंने प्रत्येक बस्ती में व्यक्ति-व्यक्ति से संपर्क करने पर जोर देते हुए कहा कि इस आयोजन को उत्सव का रूप दिया जाए। रामोत्सव की तरह बस्तियों में प्रभात फेरियां निकालने का सुझाव भी दिया गया। उन्होंने कहा कि अपने-अपने मोहल्लों में उत्साह और आनंद का वातावरण तैयार किया जाए तथा बच्चों, महिलाओं और समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में खेड़ापति मंदिर के पुजारी श्री संजय जी मिश्रा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धार नगर के कार्यवाह श्री गोपाल डोड भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर धार की सभी 14 बस्तियों के संयोजक एवं अन्य प्रमुख कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## माँ की महिमा अनुपम है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है

**नागदा (धार)।** माँ की महिमा अनुपम है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। दुर्गा का दूसरा स्वरूप माँ ब्रह्मचारिणी हैं और इन्हें ज्ञान, तपस्या, संयम व सिद्धि की देवी माना जाता है, जो भक्त को तप, अनुशासन और आत्मसुधार का मार्ग दिखाती हैं। उक्त उद्गार चार धाम एक मुकाम श्री ईच्छापूर्ण हनुमान मंदिर अटल मार्केट पर चल रही श्रीमद देवी भागवत कथा के द्वितीय दिवस कथा प्रवक्ता पं. विनोद शास्त्री, ब?नगर ने व्यासपीठ से भक्तो के बीच कथा पांडाल में कहे। कथा के प्रारंभ में यजमान विजेन्द्रसिंह बना द्वारा सहपत्नि देवी भागवत पूजन किया। जिसमें सैक?ो मातृशक्ति के साथ भक्तों ने देवी भागवत पूजन का लाभ लिया। श्रीमद देवी भागवत कथा में देवी शक्ति के द्वितीय स्वरूप का वर्णन करते हुए पं. शास्त्री ने भक्तों से कहा कि माँ के अनेक स्वरूप है, भिन्न-भिन्न स्वरूप के मध्य माँ की ममता प्रत्येक भक्त के लिए अनंत होती है। जहां भी सत्संग हो वहां हमारा सानिध्य हो, यह सानिध्य जीवन के साथ-साथ मरण की महिमा भी अनुपम बनायेगा। व्यक्ति के जीवन में समय जरूरी है, कथा, पुण्य, करूणा, संयम व परोपकार का मार्ग बताती है।

# चेन स्नेचिंग का आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**सरदारपुर** .राजगढ़ पुलिस की सक्रियता से आरोपी पुलिस की गिरफ्त में घटना दिनांक 28.11.2025 को फरियादिया कृतिका पति शुभम रायली निवासी पुरान बस स्टैण्ड चन्द्रशेखर मार्ग राजगढ की मोहनखेडा जा रही थी तभी मोटर सायकल पर दो अज्ञात बदमाश आये व फरियादिया के गले से एक सोने की चैन खिंचकर भाग गये जिस पर थाना राजगढ पर फरियादिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर के निर्देशन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरदारपुर श्री विश्वदीपसिंह परिहार के मार्गदर्शन एवं राजगढ थाना प्रभारी समीर पाटीदार के नेतृत्व में उक्त घटना के अज्ञात आरोपियों को पकडने हेतु एक टीम का गठन किया गया ।

टीम द्वारा दिनांक 15.12.2025 को आरोपी संतोष पिता सुन्दरसिंह देवका जाति भील उम्र 18.5 साल निवासी गुडा थाना टांडा जिला धार को गिरफ्तार कर आरोपी से एक सोने की चैन किमती 120000/- रूपये की जप्त की गयी ।आरोपी से पुछताछ के दौरान आरोपी ने अपने अन्य फरार साथी 1. राजेन्द्र पिता शंकर 2. रोहित उर्फ रवि पिता भंवरसिंह 3. अनिल पिता बनसिंह निवासी गुडा थाना टांडा के साथ उक्त घटना को अंजाम देना बताया हैं । उक्त फरार आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक महोदय धार श्री मयंक अवस्थी द्वारा प्रत्येक फरार आरोपियों पर ?10000 की इनामी उदघोषणा की गई है ।

**गिरफ्तार आरोपी**-1- संतोष पिता सुन्दरसिंह देवका जाति भील उम्र 18.5 साल निवासी गुडा थाना टांडा जिला धार

फरार आरोपी-, 1-1. राजेन्द्र पिता शंकर निवासी गुडा थाना टांडा ,2-रोहित उर्फ रवि पिता भंवरसिंह निवासी गुडा थाना टांडा, 3-अनिल पिता बनसिंह निवासी गुडा थाना टांडा

जप्त मश्रुका-,एक सोने की चैन कीमती 120000/- रूपये, *सराहनीय भुमिका उक्त घटना के आरोपी को पकडने में सउनि नरेश कोठे, प्रआर प्रकाश वसुनिया, आरक्षक जयेन्द्र, आरक्षक अंकित, आरक्षक दिलीप , इसके अतिरिक्त साइबर शाखा से साइबर शाखा प्रभारी उप निरीक्षक प्रशांत गुंजाल, आरक्षक प्रशांत सिंह आरक्षक भानु प्रताप सिंह आरक्षक रोहित की सराहनीय भुमिका रही है । पुलिस अधीक्षक धार मनोज कुमार सिंह ने उचित ईनाम की घोषणा की है।

## भारत तिब्बत समन्वय संघ में मालवा प्रांत को मिला सशक्त नेतृत्व



धार. भारत तिब्बत समन्वय संघ के संगठनात्मक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए, प्रदेश अध्यक्ष शिवेन्द्र तिवारी के अनुमोदन पर संघ के राष्ट्रीय सह मंत्री निर्माण सोलंकी द्वारा मध्यप्रदेश के मालवा प्रांत अंतर्गत जिला धार निवासी राजाभाऊ भदाने को भारत तिब्बत समन्वय संघ का प्रांत उपाध्यक्ष (मूल), मालवा प्रांत बनाए जाने की अनुशंसा की गई, जिसे संगठन ने स्वीकृति प्रदान की।

नियुक्ति सूचना के अनुसार राजाभाऊ भदाने की छह वर्षीय सदस्यता दिनांक 18 दिसंबर 2025 से प्रभावशील है। वे धार्मिक प्रवृत्ति के, सामाजिक चेतना से ओतप्रोत एवं सेवा कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाले व्यक्तित्व के रूप में क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। संगठन को विश्वास है कि उनके अनुभव, समर्पण एवं कर्मठता से मालवा प्रांत में भारत तिब्बत समन्वय संघ की गतिविधियों को नई दिशा और गति प्राप्त होगी। उनकी नियुक्ति पर समस्त हिंदू संगठनों एवं नरेंद्र मोदी विचारमंच के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार सांखला जी, प्रदेश प्रभारी महेश चंद महेश्वरी जी एवं धार जिला अध्यक्ष मुकेश जी निगम, युवा मोर्चा प्रभारी गणेश जी पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष मुरलीधर वैष्णव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता जोशी, आईटी सेल जिला अध्यक्ष शुभम जी उपाध्याय, मुख्य शाखा धार विधानसभा अध्यक्ष ताजु जी ठेकेदार, युवा मोर्चा के विधानसभा अध्यक्ष देवांग जी पवार, जिला मीडिया प्रभारी हरीश जी आर्य, उपाध्यक्ष नमन रावल, धार विधानसभा महामंत्री गणेश जी राठौड़ सहित अन्य पदाधिकारियों ने राजाभऊ भदाने को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित

## श्रीमद् विजय राजेंद्र सूरी दादा गुरुदेव म.सा. का 199वां जन्म दिवस एवं 119वां स्वर्गरोहण दिवस

**मनावर।।** राजेन्द्र सूरि दादावाड़ी में श्रीमद् विजय राजेंद्र सूरी दादा गुरुदेव महाराज साहब का 199वां जन्म दिवस एवं 119वां स्वर्गरोहण दिवस पर ज्योतिषाचार्य द्विव्यचंद महाराज साहब के सानिध्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर नगर भोज का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओ ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। दादावाड़ी में मंदिर की सजावट फुलों व रंग बिरंगी लाइट से कि गई। प्रात: 9:00 बजे श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर से बैंड बाजो के साथ भव्य शोभा यात्रा में रथ पर बिराजे लाभार्थी परिवार के द्वारा राजेन्द्र सूरि दादा गुरु कि प्रतिमा लेकर निकाली गई।जगह-जगह रथ में गुरु देव के सामने समाजजनों ने गवली कर चावल व श्रीफल चढ़ाया। अभीषेक भंडारी व सचिव भंडारी ने लाभार्थी परिवार का श्रीफल साल भेंट कर सम्मान किया। धार रोड पर ब्राहमण समाज द्वारा कल्चुरी जायसवाल समाज द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। दादावाड़ी में आयोजित मंचीय कार्यक्रम में लाभार्थी परिवार महेंद्र कुमार, रमेश कुमार, दिनेश कुमार, महावीर आहोर राजस्थान वालो का ट्रस्ट की ओर से बहुमान किया गय। लाभार्थी परिवार का आभार ट्रस्ट मंडल ने माना। इस अवसर पर ट्रस्ट मंडल के सचिन भंडारी मनोहर ओरा, सुमित खटोड़, प्रवीण खटोड, समिरमल काकरेचा, संतोष काकरेचा उपस्थित रहे।

## सरदारपुर बालौदा रोड गड्ढे में तब्दील, जिम्मेदार सोए कुंभकरण की नींद



**सरदारपुर ।** सरदारपुर बालौदा रोड पर प्रतिदिन हो रहे हैं हादसे ना कोई देखने वाला ना सुनने वाला जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग,के एसडीओ, एवं ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं राहगीरसरदारपुर बालौदा मार्ग पर निकलने वाले राहगीर हम आपको बता दे की रोड की हालत बहुत खराब हो गई है खड्डा में तब्दील हो गया है ठेकेदार के द्वारा कोई मरम्मत नहीं की जा रही है रोड की ऐसी हालत है कि इमरजेंसी में बीमार व्यक्ति को इस रोड से वाहन में बिठाकर अगर अस्पताल भेजा जाए तो रास्ते में ही दम तोड़ देगा डिलीवरी वाली माता को भी डिलीवरी के लिए सिविल अस्पताल सरदारपुरभेजा जाए तो अधिकांश डिलीवरी जननी वाहन,मे हो जाती है टू व्हीलर वाहन वाले प्रतिदिन इस रोड पर गिरने के समाचार प्राप्त हो रहे हैं लोक निर्माण विभाग एसडीओ को ग्रामीणों द्वारा बार-बार अवगत कराने पर भी ध्यान नहीं देना गंभीर लापरवाही दर्शाता है ऐसा लगता है जैसे ठेकेदार को मरम्मत नहीं करने का आशीर्वाद दे रखा हो भाजपा सरकारके विकास को ग्रहण लग रहे हैं जिससे ग्रामीणों का आक्रोश दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है सरदारपुर बलौदा रोड से प्रतिदिन कांग्रेस भाजपा के जिम्मेदार नेता भी गुजरते हैं लेकिन खड्डा में तब्दील रोड के प्रति कोई किसी का भी ध्यान नहीं देने ग्रामीणों में आक्रोश की लहरें आने वाले समय में इसका खामीयाजा कांग्रेस बीजेपी के नेताओं को भुगतना पड़ेगा इसको देखकर ऐसा लग रहा है कि विकास तो इतना हो रहा है कि विकास खुद पागल हो गया है हर योजना में चारों ओर भ्रष्टाचार की गंगा बह रही है नेता खुद बने हैं ठेकेदार वही सत्ता विपक्ष के भी पद पाने के बाद लाभ सुख के चक्कर में बने ठेकेदार क्योंकि कितना भी करो भ्रष्टाचार ना कोई देखने वाला है ना सुनने वाला है

# छात्रावास आश्रम का निरीक्षण किया



**बाग** - शिक्षा की गुणवत्ता और वहां की व्यवस्थाओं को लेकर बाग विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवीसिंह बघेल एवं मण्डल संयोजक विक्रम बघेल के द्वारा क्षेत्र की छात्रावास आश्रम एवं स्कुलो का लगातार निरीक्षण किया जाकर शिक्षक और अधीक्षकों को देखरेख के निर्देश दिए जा रहे हैं ।उसी कड़ी में 26 दिसंबर 2025 को बाग गुफा जामन्यापुरा में शासकीय आदिवासी बालक आश्रम का निरीक्षण किया गया । शिक्षा की गुणवत्ता से लेकर संस्था की व्यवस्था आश्रमों में बच्चो की के रख रखाव का जायजा लेकर और भी बेहतर व्यवस्थाओं के निर्देश शिक्षको अधीक्षकों को दिए ।उसी के चलते विकासखंड शिक्षा अधिकारी बघेल की सक्रियता और मानिटिंग का परिणाम भी देखने को मिल रहा हे ।वहीं बच्चों के स्वास्थ और उनकी बेहतर शिक्षा रख रखाव में अधीक्षकों की भी सक्रियता नजर आ रही हे ।इसी को लेकर आश्रम के अधीक्षक पिड़ेसिह डोडवे ने सर्द मौसम के चलते कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए छोटे छोटे बच्चों का स्वास्थ सुरक्षा को देखते अपने अधिकारी के हाथों ऊनि गर्म कपड़े स्वेटर मोजे टोपे ओर कापी पेन वितरण करवाई ।इसी तरह समस्त छात्रावास आश्रम के अधीक्षक अपने बच्चों का बखुबी ध्यान देकर बच्चों की शिक्षा उनके स्वास्थ व देखरेख शिक्षा पर पुरा ध्यान बनाए हुए हैं । वेसे विकासखंड विज्ञान अधिकारी बघेल ने सभी अधीक्षकों को सख्त निर्देश अपनी अपनी संस्था में निवास करने के दे रखे हैं और फिलहाल उसका पालन भी हो रहा है बघेल ने बताया की अपनी संस्था के बच्चों के साथ अपने बच्चों जैसा व्यवहार करें और सुविधा उन्हें मुहैय्या करवाए ताकी बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो ।इस दौरान ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन चौहान,अधीक्षक कासमसिह कन्नोज,भुरु मोरी देवदा आश्रम,मुकामसिह चौहान,बाग, भुरुमोरी अखाड़ा अधीक्षक एवं बालक आश्रम का समस्त स्टाफ उपस्थित था ।



## राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार का नागदा में ढोल-ढमाके के साथ स्वागत

**नागदा (धार)।** महू से बदनावर की ओर जाते हुए राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार का नागदा बस स्टेण्ड पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल-ढमाके के साथ जोरदार स्वागत किया। राज्यसभा सांसद के साथ रतनलाल पाटीदार अम्बोदिया भी थे। जिनका पूर्व मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौ?, सरपंच पन्नालाल कोली, पूर्व सरपंच गोरधनलाल राठौड, इन्दरसिंह पटेल, जयेश मेहता, अनोखीलाल राठौ?, धर्मेन्द्र शर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। नागदा सरपंच पन्नालाल कोली ने राज्यसभा सांसद द्वारा दिये पानी के टेंकर के लिए आभार व्यक्त किया।

**एक नजर** — मिशन कंपाउंड धार में ईसाई मिशनरी के द्वारा1905 में की गई थी

# प्रेसबिटेरियन ईसाई समाज में 121वां क्रिसमस - नववर्ष सप्ताह हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा




**धार (निप्र)** प्रेसबिटेरियन चर्च-मसीही मंदिर धार,अल्वान मालवा वेलफेयर सोसाइटी, आनंद नगर सेवा केंद्र धार तथा वाईटल पैरामेडिकल कॉलेज झाबुआ के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय अनिल प्लाजा सेंटर पर प्रेसबिटेरियन ईसाई समाज ने अपने ऐतिहासिक 121वें क्रिसमस पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इसकी शुरुआत मिशन कंपाउंड धार में ईसाई मिशनरी के द्वारा 1905 में की गई थी। यह परंपरा आज भी कायम है और धार्मिक सहिष्णुता का एक उदाहरण प्रस्तुत करती है।

इस समारोह की अध्यक्षता मॉडरेटर रेवरेंट सुभाष डेविड कुरिया द्वारा की गई। विशेष अतिथि श्री शांताराम बंसौड़, श्री शमशेर सिंह यादव,श्री राम गोपाल राठौर, श्री भादर सिंह पंवार थे। सर्वप्रथम एडवोकेट श्री विंसेंट गिल्बर्ट, एडवोकेट श्री खालिद निसार,श्री कमलाकर पीटर दास, डॉ. मधुकमल हिवाले और डायरेक्टर श्री शैलेंद्र डेविड को ईसाई समाज को दिए गए प्रशासनिक मार्गदर्शन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया।

आराधना सभा की शुरुआत संडे स्कूल के निर्देशन में क्रिसमस फादर इथन डेविड के खुशी-खुशी मनाओ यीशु आया है गीत के द्वारा की गई। माडरेटर रेवरेंट सुभाष डेविड कुरिया ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि परमेश्वर ने अपने इकलौते पुत्र यीशु मसीह को उद्धारकर्ता के रूप में संसार में भेजा, यीशु मसीह के सिद्धांत और शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है। इन्हें आत्मसात कर देश की प्रगति और समृद्धि में अपना योगदान देवें। उत्सव के अध्यक्ष श्री राजू फ्रांसिस ने बाइबल पाठ लूका के दूसरे अध्याय यीशु मसीह के जन्म का वाचन किया। सिस्टर विमला मसीही द्वारा देश और प्रदेश के अमन चैन के लिए कलीसियाई प्रार्थना की गई। भक्तिमय क्रिसमस गीतों की प्रस्तुति श्रीमती सेरा फ्रांसिस और श्रीमती हंसारानी डेविड तथा श्रीमती शलाका हिवाले डेविड द्वारा दी गई। संगीत निर्देशन श्री सचिन पाल ने दिया। श्रीमती शारोन फ्रांसिस ने दान संग्रहण का कार्य किया।

सेशन - चर्च प्रबंधन की ओर से सोशल वर्कर श्री रोहित फ्रांसिस ने बताया कि ईसाई समाज द्वारा अपने संस्थानों, मिशन कंपाउंड, आनंद नगर, मॉडरेटर कार्यालय और निवास तथा घरों पर रोशनी और सजावट कर क्रिसमस केरोल्स गीत संगीत, ज्योति की प्रार्थना सभा और श्वेत दान की आराधना तथा सांस्कृतिक - साहित्यिक कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए सीता पाठ और आनंद नगर स्थित ईसाई कब्रिस्तानों में समाधि स्थलों पर पुष्प अर्पित किए तथा दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई।

### प्रीतिभोज में सहभागिता की गई

समारोह के अंत में युवा सभा के निर्देशन में अनिल प्लाजा में क्रिसमस मिलन समारोह आयोजित कर केक कटिंग सेरेमनी संपन्न की गई तथा अतिथि गणों और समाज जनों द्वारा प्रीतिभोज में सहभागीता की गई। गरिमामय समारोह का सफल संचालन उत्सव संयोजक श्री उत्कर्ष डेविड द्वारा किया गया तथा आभार महिला सभा सचिव श्रीमती शलाका हिवाले डेविड द्वारा माना गया।

इस अवसर पर श्रीमती विजया डेविड, श्रीमती प्रेमबाई राठौड़,श्रीमती कल्पना यादव, आलोक दास, श्री सचिन पाल, श्री मनीष मसीह श्री मेहमूद भाई,पास्टर प्रीतेश निकल्स, श्री सैमसन बोर्डे ,श्री लखन भाटिया, श्री अनिल बंसोड़, श्रीमती सोफिया दास, श्रीमती दीपा निल्स श्रीमती शारोन फ्रांसिस ,कुं. सौम्या यादव, मृत्युंजय यादव आशीष अमलियार , संजय हटीला, एनोश मसीह,राय बंधु, सुनील डामोर, कु. अलीशा दास, आदित्य दास, सामर्थ निकल्स, बेबी प्रेरणा निकल्स और क्रिसमस फादर इथन डेविड विशेष रूप से उपस्थित थे।